## सार-समाचार

### नि:शुल्क कंप्यूटर कोर्स शुरू

**भीण्डर, (निसं)।** महिला अधिकारिता विभाग द्वारा मुख्यमंत्री नारी शक्ति प्रशिक्षण एव कौशल संवर्धन योजना अंतर्गत निशुल्क महिला आरएससीआईटी कंप्यूटर कोर्स शुरू किया गया। भींडर के जीएस कंप्यूटर ज्ञान केंद्र विधिवत उद्घाटन समारोह के साथ निशुल्क महिला कंप्यूटर कोर्स शुरू हुआ, जिसमें 23 बालिकाओं एवं महिलाओं का चयन हुआ है। तीन माह की अवधि वाले इस कोर्स में 65 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य होगी, तभी विद्यार्थी फाइनल परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे। कार्यक्रम में महिला अधिकारिता विभाग से ब्लॉक पर्यवेक्षक मनीषा सैनी, विद्युत विभाग से जूनियर इंजिनियर प्रवीण वेद, ज्ञान केंद्र के संचालक जीवन मेनारिया और लाभार्थी बालिकाएं उपस्थित रही। अतिथियो द्वारा बालिकाओं को कोर्स की किताबें प्रदान की गई।विभाग की ब्लॉक पर्यवेक्षक मनीषा सैनी ने महिलाओं और बालिकाओं के लिये निशुल्क चल रही इस कंप्यूटर कोर्स योजना की जानकरी दी। इसी तरह विस्टा कम्प्यूटर सेंटर सुरजपोल पर भी मुख्यमंत्री नारी शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन योजना के अंतर्गत महिलाओं का निशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण बैच शुरू किया गया। पार्षद जितेन्द्र साहू, भव्यराज सिंह उपस्थित रहे। सेंटर संचालक भगवत सिंह राणावत ने बताया कि 24 महिलाओं को निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसमें कम्प्यूटर की सामान्य जानकारियां एवं कार्यशैली से अवगत कराने के साथ बेसिक कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान योजना में चयनित महिलाएं व बालिकाओं को पुस्तके वितरित की गई। कार्यक्रम का संचालन किरण शक्तावत एवं काजल सोनी ने किया।

### मुमुक्षु आकांक्षा का जुलूस निकला

**कपासन, (निसं)।** कपासन क्षेत्र के नानेश नगर दांता और करुकड़ा गांव के श्री साधु मार्गी जैन श्रावक संघ ने मुमुक्षु आकांक्षा का स्वागत अभिनंदन किया। भूपालसागर निवासी आकांक्षा 8 दिसंबर को गंगा शहर बीकानेर में आचार्य भगवन् 1008 श्री रामलाल जी म.सा. के मुखारबिंद से दीक्षा ग्रहण करेंगी। मुमुक्षु बहिन का बस स्टैंड पर पहुंचने पर अगवानी की गई। ढोल-धमाकों के साथ जुलूस निकाला गया, जो गांव के मुख्य मार्गों से होता हुआ नानेश नगर दांता के समता भवन पहुंचा। समता भवन में श्री संघ की ओर से अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने संयम जीवन का महत्व बताया। मुमुक्षु आकांक्षा ने श्रावक-श्राविकाओं से संयम पथ पर अग्रसर होने का आव्हान किया।

### उदयपुर को 'बेस्ट वेडिंग डेस्टिनेशन' अवॉर्ड

**उदयपुर, (कासं)।** झीलों की नगरी उदयपुर ने एक बार फिर दुनिया को अपना आकर्षण दिखाते हुए आउटलुक ट्रैवलर अवॉर्ड्स 2025 में 'बेस्ट वेडिंग डेस्टिनेशन' का प्रतिष्ठित खिताब जीत लिया। नई दिल्ली स्थित हयात रीजनसी में आयोजित भव्य समारोह में यह घोषणा होते ही राजस्थान पर्यटन जगत में उत्साह की लहर दौड गई। यह सम्मान सिक्किम के पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन मंत्री टी.टी. भूटिया ने राजस्थान पर्यटन के अतिरिक्त निदेशक आनंद त्रिपाठी तथा उदयपुर पर्यटन विभाग की संयुक्त निदेशक सुमिता सरोच को प्रदान किया। राजस्थान वर्षों से डेस्टिनेशन वेडिंग की पहली पसंद रहा है और उदयपुर उसके ताज का सबसे चमकदार नगीना। महल, झीलें, हवेलियां और मेवाडी आभा-उदयपुर की यही पहचान उसे लगातार एशिया ही नहीं, वैश्विक शीर्ष वेडिंग गंतव्यों की सूची में बनाए रखती है।उपमुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने अवॉर्ड को राजस्थान की सांस्कृतिक श्रीवृद्धि का प्रतीक बताते हुए कहा कि दिलों को जोडने वाले समारोह की मेजबानी के लिए राजस्थान हमेशा से सर्वोत्तम रहा है। हमारी हवेलियां, किले और महल सिर्फ ईंट-पत्थर नहीं-यहाँ राजस्थान की आत्मा बसती है। उदयपुर की विश्वस्तरीय पहचान हाल के वर्षों में कई हाई-प्रोफाइल सेलिब्रिटी शादियों के कारण और मजबूत हुई है। इसी क्रम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पुत्र डोनाल्ड ट्रंप जूनियर भी उद्योगपति रामराजू मंटेना की पुत्री के शाही विवाह समारोह में शरीक होने उदयपुर पहुंचे हैं।

### विविध प्रतियोगिताएं आयोजित

**भीण्डर, (निसं)।** भीण्डर के द्रोणाचार्य पीजी कॉलेज में एनसीसी दिवस के अवसर पर विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें निबंध एवं स्केचिंग प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। एनसीसी लेफ्टिनेंट दक्षा चौबीसा ने बताया कि निबंध प्रतियोगिता का विषय शिक्षा के क्षेत्र में एआई की भूमिका पर था, जिस पर विद्यार्थियों ने अपने विचार लेखन करके निबंध लिखा। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कृष्णा कुमारी सारंगदेवोत, द्वितीय चंचल वैरागी, तृतीय गायत्री भोई रही। स्केचिंग प्रतियोगिता का विषय इको फ्रेंडली भारत था। प्रतिभागियों द्वारा आकर्षक एवं पर्यावरण-जागरूकता से भरपूर चित्र प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पायल, द्वितीय स्थान हिमांक्षा रावत, तृतीय जानवी सोनी रही।

### ब्रह्मा कुमारी मुरली का दिव्य ज्ञान दिया

**बांसवाड़ा, (निसं)।** जिले के नव निर्माणाधीन भवन भूमि पर राजयोग शिविर के सत्र में बीके सरोज दीदी ने ब्रह्मा कुमारी मुरली के महावाक्यों का दिव्य ज्ञान सुनाया। सरोज दीदी ने मुरली के मुख्य संदेश को विस्तार से समझाते हुए बताया कि यह वर्ष सफलता को मूर्त रूप देने का है। उन्होंने बताया कि निरंतर पुरुषार्थ, सेवा और गुणों के दान से हम अपने अनेक जन्मों के पापों का नाश कर सशक्त और समर्थ आत्मा बन सकते हैं। आध्यात्मिक सत्र में सुरेश भाई, कमल, सुभाश, हेमंत, हिमेष, रमेष, कांति, कालुराम, अजय भाई, किरण, नवीना,सुनील आदि मौजूद रहे।

# के.के. गुप्ता ने बाग बगीचों की दुर्दशा पर जताई चिंता

- करोड़ों रुपए की निर्माण लागत, लेकिन रखरखाव के अभाव में हो रहा दुर्दशा का शिकार
- निगम आयुक्त को पत्र लिखकर वस्तु स्थिति से अवगत कराया

**उदयपुर, (कासं)।** देश की किसी भी नगर निकाय द्वारा मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करना और उचित प्रबंधन का दायित्व होता है वही, जनता से सीधे जुडे हुए विषय जैसे कि कचरा प्रबंधन, वृक्षारोपण, जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य किए जाने चाहिए। नगर की जनता का यह अधिकार है कि जिस शहर में बह रहते हैं वहां का वायुमंडल स्वच्छ और सुंदर बना रहे।

नगर में विभिन्न वार्ड और कॉलोनी में पार्क और बाग बगीचे इसीलिए स्थापित किए जाते हैं कि वहां पर लोगों को प्रात: कालीन सैर करने, योग व्यायाम और बच्चों के शारीरिक विकास के लिए झूले आदि संसाधन उपलब्ध कराए जाते हैं। विश्व की प्रमुख पर्यटक नगरी और झीलों के शहर के नाम से सुप्रसिद्ध उदयपुर शहर में भी बगीचे बनाए हुए हैं इसके रखरखाव की जिम्मेदारी नगर निगम उदयपुर की होती है। ऐसा ही एक प्रकरण उदयपुर सिटी का "हार्ट" कहे जाने वाले गोरधन सागर पन्नाधाय बगीचा स्वच्छता के नाम से 'आँसू बहा रहा' है जहां शहर का सैकड़ों व्यक्ति रोज स्वास्थ्य लाभ लेने तथा ताजा ऑक्सीजन लेने जाता है तथा पर्यटक भी घूमने आते है बगीचे की स्थितियाँ दिन- प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। इस जनहित के मुद्दे पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए उदयपुर संभाग के वरिष्ठ भाजपा नेता और स्वच्छ भारत मिशन के स्टेट कोऑर्डिनेटर के के गुप्ता ने आयुक्त नगर निगम उदयपुर को पत्र व्यवहार किया है।

उन्होंने पत्र में अवगत कराया कि गोरधन सागर बगीचे के पास झील में से मछलियां पकड़ने का कार्य भी किया जा रहा है जबकि झीलों को साफ करने के लिए मछलियों को तालाबो में एवं झीलों में डाला जाता है। जिससे तालाब एवं झीलें साफ रहती है अत: मछलियों को पकड़ने पर तत्काल रोक लगाने की भी आवश्यकता है। बगीचों में म्युजिक नहीं चलना एवं साथ ही साथ शौचालयों एवं मूत्रालयों की दुर्दशा को भी सुधारने की आवश्यकता है।

गोरधन सागर बगीचे का उद्घाटन देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, कृष्णपाल गुर्जर एवं तत्कालीन विधायक एवं पंजाब के राज्यपाल गुलाबचन्द कटारिया द्वारा 30 अगस्त 2022 को किया गया था तथा लागत में भी करोड़ों रूपये खर्च हुई हैं। आज बगीचों की देखरेख के अभाव में दुर्दशा हो रही है आमजन द्वारा सरकार के प्रति नाराजगी प्रकट की जाती है। अत: आप संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित कर शीघ्र बगीचों की दुर्दशा को सुधारने के निर्देश जारी करे तथा बगीचे के संदर्भ में कभी भी आप मुझसे सम्पर्क कर सकते है। गुप्ता ने अपने पत्र में कई बिंदुओं पर भी ध्यान आकृष्ट कराया है जिनमें गोरधन सागर बगीचे में चारो तरफ गंदगी फैली हुई, झरनों में जंगली घास तथा चैकीदार से पुछने पर बताया कि कर्मचारी नहीं है सफाई कौन करे अधिकारी कभी बगीचे को देखने नहीं आते है ऐसी स्थिति में सफाई का अभाव है। बगीचे में लगे फाउंटेन लम्बे समय से बन्द पड़े हुए टैंक में पानी भरता नहीं है जब से बना है वह लीकेज है तथा जिस पाईप से पानी भरते है वह भी टुटा - फुटा है। बगीचे के चारो तरफ बाहर एवं अन्दर झाडियां फैल रही है जो कि बगीचे के अन्दर भी प्रवेश कर रही है बगीचे की सुन्दरता को घटा रही है। बगीचे का दरवाजा एक फीट ऊंचा लगा हुआ है तथा बाहरी जालियां टूटी फुटी होने से बगीचे में कुत्ते प्रवेश करते है तथा चारो तरफ गंदगी करते है।

ऐसे में जालियां एवं दरवाजे की मरम्मत के साथ रेलिंग में लगी जालियां भी लम्बे समय से टुटी हुई है व फुटपाथ भी बैठा हुआ है तथा ग्रेनाईट की बनाई सीटे भी उखड़ रही है जो सभी मरम्मत मांग रही है।

### पारगी बने जिलाध्यक्ष

**बांसवाड़ा,(निसं)।** राजस्थान ग्राम दान बोर्ड जयपुर ने ग्राम दान संघ जिलाध्यक्ष पद पर गौतमलाल पारगी को नियुक्त किया। बोर्ड के सहायक सचिव राम बाबू शर्मा ने पाटनवाघरा के गौतमलाल पारगी को भेजे पत्र में बताया कि ग्राम दानी अध्यक्षों व प्रतिनिधियों द्वारा पारित प्रस्ताव का अवलोकन कर बोर्ड अध्यक्ष ने एडहॉक कमेटी अध्यक्ष नियुक्त कर शीघ्र रजिस्ट्रेशन करा ग्राम दानी गांवों की समस्याओं के समाधान के लिये पहल करने के लिए निर्देशित किया है।

## दातापति हनुमान मंदिर में धार्मिक उत्सव संपन्न

**उदयपुर, (कासं)।** हिरणमगरी सेक्टर-4 स्थित दातापति हनुमान मंदिर में आज धार्मिक प्रसादी कार्यक्रम श्रद्धा और सरलता के साथ संपन्न हुआ। सुबह से ही श्रद्धालु मंदिर पहुँचकर हनुमान जी के दर्शन करते रहे और प्रसाद ग्रहण किया।

मंदिर परिसर में पूरे दिन भक्ति और सौहार्द का वातावरण बना रहा। आज भी मंदिर परिसर को शानदार लाइटों, झालरों और विद्युत सज्जा से सुसज्जित किया गया, जिससे पूरे मंदिर क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल दिखाई दिया।

महंत रामदास वैष्णव ने बताया कि पूरा कार्यक्रम देवों की कृपा और भक्तों की आस्था से संपन्न हुआ। महंत रामदास वैष्णव ने कहा कि 25 नवम्बर को अयोध्या में राम मंदिर पर होने वाले ध्वजारोहण कार्यक्रम के उपलक्ष में दातापति हनुमान मंदिर में विशेष दीपो उत्सव मनाया जाएगा। उन्होंने भक्तों से आग्रह किया है वि अपने-अपने घरों से दीपक लेकर मंदिर आएँ, ताकि दीपोत्सव में मंदिर परिसर पूर्ण रूप से आलोकित हो सके। संध्या आरती के समय दीप प्रज्वलन किया जाएगा और उसके पश्चात भक्तों को प्रसाद वितरण किया जायेगा।

## एसआई के सूने घर को बनाया निशाना

**डूंगरपुर, (निसं)।** कोतवाली थाना अंतर्गत शहर के सुभाष नगर में एसआई के सुने घर को चोरों ने निशाना बनाते हुए नगदी व आभूषण चुरा कर ले गए। घटना की जानकारी तब मिली जब परिवारजन लौटे। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

घटनाक्रम के अनुसार सुभाष नगर निवासी गजराज सिंह जो कि बिछीवाड़ा थाना में तैनात है। अपनी दादी के निधन पर उसका परिवार गांव गया हुआ था और उनका लड़का ग़जवीर प्रतियोगी परीक्षा देने के लिए उदयपुर गया हुआ था और पीछे घर सुना था। रविवार को जब वापस लौटा तो देखा कि घर पे ताले टूटे हुए थे और घर का सामान बिखरा हुआ था जिस पर उसने कोतवाली थाने में सूचना दी जिसपर पुलिस मौक़े पर पहुंची व घटना की जानकारी ली। इस दौरान चोरों ने सिलेंडर व मिक्सर मशीन भी साथ में ले गए। आरोपी पड़ोसी के सीसीटीवी कैमरे में तीन से चार दिखाई दे रहे हैं।

### शिविर आयोजित

**बांसवाड़ा, (निसं)।** रोटरी क्लब कुशलगढ़ एवं लाइफ केयर हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित रक्तदान शिविर में 70 यूनिट से अधिक रक्त संग्रहित किया गया। क्लब अध्यक्ष रौनक सेठ ने कहा कि रक्तदान महादान है एक यूनिट रक्त किसी ज़रूरतमंद के जीवन की डोर बन सकता है।

## सार-समाचार

### असम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य ने किया शिल्पग्राम का भ्रमण

**उदयपुर, (कासं)।** असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने रविवार सुबह शिल्पग्राम का भ्रमण किया साथ ही बंजारा मंच पर लोक कलाओं की प्रस्तुतियां देखी। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने रविवार सुबह शिल्पग्राम का भ्रमण किया। उनका शिल्पग्राम मुख्य द्वार पर तिलक एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। उसके बाद उनको शिल्पग्राम का अवलोकन कराया गया। वहां प्रदर्शित विभिन्न राज्यों की पारंपरिक झोपड़ियों, स्कल्पचर पार्क, ग्रामीण परिवेश तथा वहां स्थित हस्तशिल्प स्टॉलों के साथ ही आगामी दिनों में आने वाले शिल्पग्राम उत्सव की तैयारियों के बारे में बताया। इसके बाद बंजारा मंच पर लोक कलाकारों द्वारा लंगा मांगणियार, कालबेलिया, भपंग, गोंधल, डांगी आदि लोक संस्कृतियों की प्रस्तुतियां देखी तथा कलाकारों से संवाद भी किया। कार्यक्रम का संचालन दुर्गेश चांदवानी ने किया। इस अवसर पर पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर के सहायक निदेशक (वित्त एवं लेखा) दुर्गेश चांदवानी, कार्यक्रम अधिशाषी हेमंत मेहता, भूपेन्द्र सिंह कोठारी, दयाराम सुथार, सुनील निमावत, सिद्धांत भटनागर, दीपक नवलखा, महेन्द्र सिंह गहलोत, कन्हैयालाल डांगी, प्रदीप मेघवाल तथा केन्द्र के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर के माध्यम से मैंने लोक कला का एक अद्भुत प्रदर्शन देखने का सौभाग्य प्राप्त किया। आज सुबह माता दर्शन के पश्चात मेरे इन कलाकारों ने जो विविध प्रस्तुतियां दी मन को मोह लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहा करते है कि हम विकास करें मगर अपनी विरासत को ना छोड़े। मैं समझता हूं विकास के साथ हमारी विरासत की संस्कृति का जो अद्भुत प्रदर्शन किया है इसके लिए मैं इन कलाकारों को बधाई देता हूं।

### ऑनलाइन निष्पादन के लिए अधिकारी पाबंद

**उदयपुर, (कासं)।** खान विभाग ऑनलाईन कार्यनिष्पादन के प्रति गंभीर हो गया है। उदयपुर,भीलवाड़ा, राजसमंद, जोधपुर और कोटा वृत के माइंस विभाग के अधिकारियों की उदयपुर चेंबर ऑफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्री परिसर में रविवार को ओरियंटेशन कार्यशाला में अधिकारियों को विस्तार से जानकारी देने के साथ सख्ती से पाबंद किया गया है। एक दिवसीय ओरियंटेशन कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए निदेशक खान महावीर प्रसाद मीणा ने स्पष्ट कहा कि 15 दिसंबर से खान विभाग के कार्यालयों में खनन गतिविधियों से संबंधित कार्य ऑनलाईन ही होंगे। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा पंचनामा और निरीक्षण के मोबाइल एप, 14 ऑनलाईन मॉड्यूल्स और वेबसाइट आधारित ऑनलाईन एप्लिकेशन प्रयोग में लाना आरंभ कर दिया है। मुख्यालय और राज्य सरकार स्तर पर दिसंबर के पहले पखवाड़े से ही मोनिटरिंग आरंभ कर दी जाएगी। निदेशक खान मीणा ने कहा कि राज्य सरकार पारदर्शी व्यवस्था के तहत पेपरलेस कार्य निष्पादन को लेकर गंभीर है। उन्होंने कहा कि ओरियंटेशन कार्यशाला का आयोजन अधिकारियों व कार्मिकों को ऑनलाईन प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी देने के साथ ही जिज्ञासाओं के निस्तारण के लिए किया गया है।अतिरिक्त निदेशक मुख्यालय और नोडल अधिकारी महेश माथुर ने बताया कि ऑनलाईन कार्य निष्पादन से विभागीय कार्य में पारदर्शिता, आमजन के कार्यों के समयबद्ध निष्पादन और माइंस विभाग से जुड़े स्टेकहोल्डर्स और आमजन को सरकारी कार्यालयों अनावश्यक आवाजाही नहीं होगी, इससे उनको राहत के साथ ही धन व समय की भी बचत होगी। माथुर ने कहा कि ईज ऑफ डूंइग की दिशा में यह खान विभाग का बढ़ता कदम है। उन्होंने बताया कि शनिवार को जयपुर, भरतपुर, बीकानेर, अजमेर आदि के अधिकारियों व कार्मिकों की ओरियंटेशन कार्यशाला में राज्य सरकार के स्पष्ट संदेश से अवगत करा दिया गया है।

### कुरुतियों को बंद करने का लिया निर्णय

**बांसवाड़ा, (निसं)।** ग्राम पंचायत गणाऊ में आदिवासी सामाजिक एकता बैठक में समाजजनों ने समाज में व्याप्त कुरुतियों को बंद करने का निर्णय लिया। बैठक में शादी विवाह में कम खर्च, मृत्युभोज पर रोक एवं विवाह में सोने चांदी के जेवरात कम करने सहित समाज हित के मुद्दों पर चर्चा की गयी। बैठक में सामाजिक कार्यकर्ता धीरजमल डामोर, दिनेश चरपोटा, आसु कटारा, वालम गणावा, पुनमचंद डिंडोर आदि मौजूद रहे।

## सिंधी प्रतिभा समारोह का हुआ समापन

**डूंगरपुर, (निसं)।** सिंधी भाषा अधिगम केंद्र डूंगरपुर के तत्वाधान में प्रतिभा सम्मान समारोह रविवार को झूलेलाल भवन मे आयोजित किया गया।

समाज के मुकेश आडवाणी ने बताया कि प्रारम्भ में झूलेलाल भगवान व सरस्वती माता की तस्वीर के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिंधी समाज डूंगरपुर के अध्यक्ष अशोक कालरा अध्यक्षता भारतीय सिंधु सभा के अध्यक्ष नरेंद्र कालरा का जिला मंत्री नरेश कामरा वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरिकिशन भगतानी नवयुवक मंडल अध्यक्ष नरेश खुशलानी, सागर अवतानी ने अतिथियो का स्वागत किया। समाज अध्यक्ष ने कहा कि लेंग्वेज लर्निंग कोर्स 24-25 मे डूंगरपुर प्रथम रहा जबकि द्वितीय स्थान किंजल माखीजा खेरवाड़ा में प्रथम प्रिय भावतानी द्वितीय स्थान नम्रता भावतानी को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान 26 छात्र छात्राओं को उनके हुनर के लिए सम्मानित किया गया।

### अशोक स्तंभ का लोकार्पण

**राजसमंद, (निसं)।** भामाखेडा में समस्त ग्राम वासियों की ओर से आयोजित पांच दिवसीय प्रतिष्ठा महोत्सव एवं मेले का शुभारंभ रविवार को अशोक स्तंभ के लोकार्पण और कलश यात्रा के साथ हुआ। महोत्सव के तहत प्रात: 10 बजे कल को केसर मां, महामंडलेश्वर अमृत राय, साध्वी कपिला गोपाल सरस्वती, भोपा मोहनलाल रूपलाल एवं राजसमंद के पूर्व विधायक बंशीलाल गहलोत ने अशोक स्तंभ का विधि विधान से लोकार्पण किया। इसके बाद अतिथियों ने महोत्सव के तहत बच्चों युवाओं और ग्रामीणों के लिए आयोजित मेले का बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके शुभारंभ किया। समारोह में संतों और अतिथियों का ग्राम पंचायत पीपली डोडियान की सरपंच संतोष देवी प्रजापत एवं पूर्व विधायक गहलोत ने स्वागत किया।

## नवीन ग्राम पंचायत के गठन पर क्षेत्र में हर्ष

**बांसवाड़ा, (निसं)।** लांबापारडा में नवीन ग्राम पंचायत के गठन को लेकर क्षेत्र में उत्साह और हर्ष का माहौल है। शीतला माता मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में सिल्थिया, चांदू का वेला और लांबापारडा के बडी संख्या में ग्रामीण सम्मिलित हुए।

बैठक के बाद आतिशबाजी की गई तथा गुड़-धनिया वितरण कर लोगों ने खुशी व्यक्त की। ग्रामीणों ने बताया कि नवीन पंचायत बनने से अब सड़क, जल, शिक्षा एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। ग्रामीणों ने इसे विकास की नई शुरुआत बताया। ग्रामीणों ने दिग्विजय सिंह चौहान और रणवीर सिंह चौहान को माला और साफा पहनाकर उनके विशेष योगदान के लिए आभार जताया वहीं ग्रामीणों ने पूर्व सांसद मानशंकर निनामा, पूर्व विधायक हरेंद्र निनामा, भाजपा जिलाध्यक्ष पूंजीलाल गायरी, ओबीसी मोर्चा पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र पंचाल, गनोड़ा मंडल अध्यक्ष भावना उपाध्याय, भाजपा नेता यदुनाथ सिंह चुंडावत सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों के घर पहुंचकर आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर नारायणलाल तेली, बहादुर सिंह चौहान, मनोहर सिंह चौहान, जय सिंह चौहान, रघुवीर सिंह चौहान, दिग्पाल सिंह, परमेश्वर राठौड़, रावजी मीणा, केवजी मीणा, ताजू दायमा, कलिया गारी, नारायणलाल निनामा, हीरालाल निनामा, देवीलाल बरगोट, पवन बरगोट, चिमन निनामा, विनोद निनामा, गणेश निनामा, रणछोड़ निनामा, कमलेश गारी, विनोद तेली, मणिलाल यादव, प्रभुलाल यादव, हितेश यादव, मीठालाल यादव, नाथू यादव, संजय तेली, महेंद्र बरगोट, लालजी गायरी, रमेश यादव सहित पंचायतवासी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने कहा कि पंचायत गठन से अब लांबापारडा क्षेत्र में विकास कार्यों को नई दिशा मिलेगी और आने वाले समय में कई महत्वपूर्ण योजनाएं गति पकड़ेंगी।

## कलक्टर ने नौनिहालों को पोलियो की दवा पिलाकर किया अभियान का शुभारम्भ

**राजसमंद, (निसं)।** जिले में पल्स पोलियो महाअभियान का शुभारम्भ जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने किशोर नगर मण्डा स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर स्थापित पोलियो बूथ पर नौनिहालों को पोलियो रोधी दवा पिलाकर किया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. हेमन्त कुमार बिन्दल, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. राष्ट्र सहना आजाद, वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी नानालाल कुमावत सहित विभिन्न गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

इससे पूर्व सीएमएचओ डॉ. हेमन्त कुमार बिन्दल ने अभियान के क्रियान्वयन एवं मोनिटरिंग को लेकर तैयार विशेष कार्ययोजना को लेकर जिला कलक्टर को जानकारी दी एवं बताया कि तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान के पहले दिन पहुंच की दृष्टी से सहज स्थानो पर पोलियो बूथ सूबह 9 बजे से 5 बजे तक संचालित कर 0 से 5 वर्ष तक बच्चों को बुलावा टोली एवं मोबीलाईजर्स के माध्यम से मोबिलाईज कर बूथ पर दवा पिलाई जायेगी वही बूथ पर दवा पीने से वंचित रहे बच्चो को अभियान के दूसरे व तीसरे दिन घर- घर जाकर टीमों द्वारा पोलियो दवा पिलाई जायेगी।

अभियान के तहत सीएमएचओ डॉ. हेमन्त कुमार बिन्दल ने कांकरोली बस स्टेण्ड पर ट्रांजिट टीम, जे.के. मोड स्थित ट्रांजिट टीम, मुर्खजी चौराह स्थित ट्रांजिट टीम के साथ ही पोलियो बूथ वांसोल, भगवान्दा खुर्द, भाणा, लवाणा, मादडी, भावा को औचक निरीक्षण किया जहां परिजन उत्साह के साथ अपने बच्चों को पोलियों बूथ पर लाकर पोलियो रोधी दवा पिला रहे थे।

उन्होंने सम्बन्धित वैक्सीनेटर्स को अधिक से अधिक बूथ कवरेज के लिये प्रोत्साहित किया। जिला औषधी भण्डार के प्रभारी अधिकारी डॉ. अनिल जैन ने भीम व देवगढ ब्लॉक के कालागुमान, मियाला, मादा की बस्सी, हरेडा, दिवेर, सुलचा चौक का निरीक्षण किया। वहीं जिला स्तर से नियुक्त मोनिटरिंग अधिकारी डिप्टी सीएमएचओ परिवार कल्याण डॉ. महेन्द्रसिंह खंगारोत ने खमनोर व देलवाडा, डिप्टी सीएमएचओ हेल्थ डॉ राजकुमार खोलिया ने राजसमंद ग्रामीण एवं शहरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी एनएचएम आशीष दाधिच ने आमेट, जिला कार्यक्रम अधिकारी एनयूएचएम कृष्णकांत वसीटा ने नाथद्वारा शहर, जिला आशा समन्वयक हरिशंकर शर्मा ने रेलमगरा में पोलियो अभियान का पर्यवेक्षण किया। वहीं सभी खंण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारीयों ने अपने ब्लॉक मे फिल्ड में रहकर अभियान का सघन पर्यवेक्षण किया।


